## विषय : सामाजिक विज्ञान **Set-C**

**निर्देश:**—सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए—

    (i) अफीम युद्ध के देश हैं :

    (A) इंग्लैण्ड और जापान (B) चीन और जापान
    (C) इंग्लैण्ड और चीन (D) भारत और इंग्लैण्ड

    (ii) प्राचीन भारत के महान ज्योतिष शास्त्री थे :

    (A) आर्यभट्ट (B) वराह मिहिर
    (C) उपर्युक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

    (iii) सती निवारण अधिनियम लागू हुआ :

    (A) सन् 1987 (B) सन् 1985
    (C) सन् 1986 (D) सन् 1984

    (iv) मूल्य वृद्धि का कारण है :

    (A) भ्रष्टाचार (B) जमाखोरी
    (C) तस्करी (D) उपर्युक्त सभी

    (v) वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला प्रदेश :

    (A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार
    (C) केरल (D) पश्चिम बंगाल

   (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

    (i) प्रारंभ में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्यों की संख्या ........... थी।
    (ii) अपाहिजों के लिए गठित संस्था का नाम ........... है।
    (iii) किसी वस्तु की कृत्रिम कमी करके ऊँचे दामों में बेचना ......... कहलाती है।
    (iv) वर्ष 2001 में भारत की जनसंख्या घनत्व ........... व्यक्ति प्रति वर्ग किलो मीटर थी।
    (v) कृषि एवं उद्योग एक दूसरे के ........... हैं।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।

2. उपनिवेशवाद का क्या अर्थ है?
3. गुटनिरपेक्ष देशों का प्रथम सम्मेलन कब और कहाँ हुआ?
4. भारत के प्रमुख महाकाव्य कौन-कौन से हैं?
5. छत्तीसगढ़ का नाम छत्तीसगढ़ कैसे हुआ?
6. वर्तमान लोकसभा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा के सभापति के नाम लिखिए।
7. स्त्रियों की स्थिति में सुधार के **दो** उपाय क्या हैं?
8. उपभोक्ता के बचत की कोई **एक** परिभाषा लिखिए।
9. श्रम विभाजन कितने प्रकार का होता है? नाम लिखिए।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

10. संयुक्त राष्ट्र संघ के सचिवालय पर एक टिप्पणी लिखिए।
11. छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्वों का वर्णन कीजिए।
12. लो[illegible] के छ: काम लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत की माप का सूत्र मूल्य के आधार पर लिखिए।
14. जन्म दर पर नियंत्रण के कोई **तीन** उपाय लिखिए।
15. श्रम विभाजन से समाज को होने वाले **तीन** लाभ लिखिए।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।

16. फासीवाद की **चार** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

    **अथवा**

    नाजीवाद के उदय में वर्साय की संधि किस प्रकार सहायक हुई?

17. गुटनिरपेक्षता की नीति के **चार** प्रमुख तत्वों को स्पष्ट कीजिए।

    **अथवा**

    भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन की सफलता के **चार** कारण लिखिए।

18. स्त्रियों की स्थिति में सुधार के कोई **चार** उपाय लिखिए।

    **अथवा**

    सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को संक्षिप्त में समझाइये।

19. भारत में बेरोजगारी की समस्या के किन्हीं **चार** कारणों का वर्णन कीजिए।

    **अथवा**

    भारत में मूल्य वृद्धि के **चार** प्रभाव लिखिए।

20. भारत में वनों के विनाश के क्या कारण हैं?

    **अथवा**

    मृदा अपरदन क्या है? इसके **तीन** कारण लिखिए।

21. उद्योगों से होने वाले **चार** प्रदूषणों का वर्णन कीजिए।

    **अथवा**

    भारत में वस्त्रोद्योग का वितरण लिखिए।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है।

22. साम्राज्यवाद के बीच सकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

    **अथवा**

    साम्राज्यवाद के **पाँच** नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

23. केन्द्रीय मंत्रिमंडल पर लोकसभा किस प्रकार नियंत्रण करती है? समझाइए।

    **अथवा**

    जिले के दीवानी न्यायालय के क्षेत्राधिकार लिखिए।

24. खनिज संसाधनों का आर्थिक महत्व क्या है?

    **अथवा**

    मुम्बई हाई का महत्व लिखिए।

25. भारत के मानचित्र में निम्नांकित को प्रदर्शित कीजिए—

    (i) लौह उत्पादक क्षेत्र (ii) अरब सागर
    (iii) दिल्ली-कोलकाता रेलमार्ग (iv) जम्मू
    (v) रायपुर

**अथवा**

(i) भाखरा नांगल बाँध (ii) दिल्ली - चेन्नई रेलमार्ग

(iii) कर्क रेखा (iv) थार का मरुस्थल

(v) बिलासपुर

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **26** एंव **27** में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **6** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **150** शब्द है।

26. द्वितीय विश्व युद्ध के **छः** कारणों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध के **छः** परिणामों पर प्रकाश डालिए।

7. भारत की मिट्टियाँ कितने प्रकार की हैं? वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत की प्रमुख **छः** व्यापारिक फसलों के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।